हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, सोमवार, 8 सितंबर 2025




# भक्तिपूर्ण वातावरण में भगवान गणेश को विदाई

## नगर आयुक्त के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण विसर्जन, विसर्जन स्थलों पर दिन-रात तैनात रहे नगर निगम के कर्मचारी, नगर निगम प्रशासन को पुलिस और गैर सरकारी संगठनों से अच्छा सहयोग मिला.

**नागपुर.**

पिछले दस दिनों से सबके दिलों में बसे गणेशजी का अनंत चतुर्दशी पर मोरया मोरया, गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ... के जयकारों के बीच विसर्जन किया गया। नागपुर महानगरपालिका द्वारा शहर में 216 जगहों पर बनाए गए 419 कृत्रिम तालाबों के विसर्जन कुंडों में बेहद अनुशासित और भक्तिमय माहौल में श्री गणेश को विदाई दी गई। पुलिस कमिश्नर डॉ. रवींद्र कुमार सिंघल के मार्गदर्शन में पुलिस ने विसर्जन के लिए व्यापक इंतजाम किये थे। महानगरपालिका कमिश्नर और प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी के मार्गदर्शन में महानगरपालिका के विभिन्न विभागों ने विसर्जन के लिए बेहतरीन इंतजाम किये थे। शहर में शनिवार को गणेश विसर्जन का कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।



नगर निगम, पुलिस प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग के बेहतरीन समन्वय से सुबह से देर रात तक गणेश भक्तों ने भक्तिपूर्ण माहौल में मूर्तियों का विसर्जन किया। मनपा आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी के मार्गदर्शन में पूरे शहर में 419 कृत्रिम विसर्जन टैंक बनाए गए, जिसमें से बड़ी मूर्तियों के लिए विशेष टैंक गोरेवाड़ा, पुलिस लाइन टाकली और कच्छी वीसा में तैयार किये गए थे। नगर निगम के कर्मचारी और दसों जोनों के सहायक आयुक्त हर स्थल पर तैनात रहे और भक्तों को मार्गदर्शन प्रदान किया। पुलिस आयुक्त रवींद्रकुमार सिंघल और राज्य की वरिष्ठ अधिकारी विनीता सिंघल ने गोरेवाड़ा विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया, जबकि डॉ. चौधरी ने फुटाला और अन्य टैंकों पर नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की। सभी स्थानों पर पेयजल, सुरक्षा, और नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था रही। रातभर चला विसर्जन, जहां बड़ी प्रतिमाओं को क्रेनों की मदद से विसर्जित किया गया। आपदा प्रबंधन दल नावों के साथ तैनात रहा। गणेश भक्तों ने भी नगर निगम की पर्यावरण अनुकूल अपील को सराहा और कृत्रिम टैंकों में ही विसर्जन किया। इस पूरे आयोजन में किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे प्रशासनिक प्रयासों की सफलता साफ दिखी।

शहर के विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों और छात्रों ने भगवान गणेश के विसर्जन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए नगर निगम के साथ सहयोग किया। ग्रीन विजिल फाउंडेशन के स्वयंसेवक विभिन्न विसर्जन स्थलों पर गणेश भक्तों की मदद कर रहे थे। संस्था के संस्थापक कौस्तुव चटर्जी, सुश्री सुरभि जायसवाल और श्री रामदेव बाबा कॉलेज के छात्र भी गणेश भक्तों की मदद करते देखे गए।

### घूमता हुआ विसर्जन टैंक

नागपुर नगर निगम ने इस वर्ष मोबाइल विसर्जन टैंकों की भी व्यवस्था की थी। चूँकि वरिष्ठ नागरिक विसर्जन स्थलों पर नहीं जा सकते, इसलिए प्रत्येक जोन में मुख्य रूप से उनके लिए ही मोबाइल विसर्जन टैंकों की व्यवस्था की गई थी। सिर्फ फोन करने पर ही गणेश भक्तों के घर विसर्जन टैंक पहुँचा दिए गए। शहर के कई लोगों ने इस व्यवस्था का लाभ उठाया। कई लोगों ने नगर निगम द्वारा की गई इस व्यवस्था पर संतुष्टि व्यक्त की।

### प्रमुख नदियों की कृत्रिम व्यवस्था

चिटनिस पार्क में 15 विसर्जन कुंड बनाए गए हैं। इनमें से 8 20 फीट लंबे और 12 फीट चौड़े हैं, 5 15 फीट लंबे और 9 फीट चौड़े हैं, जबकि 2 12 फीट लंबे और 8 फीट चौड़े हैं। इन सभी कुंडों के नाम गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा, तापी, उल्हास, पेंच, भीमा, पैनगंगा, वैनगंगा, वर्धा जैसी प्रमुख नदियों के नाम पर रखे गए हैं। इस कृत्रिम नदी पर विसर्जन किया गया।



# सेंट्रल तंजीम कमेटी ने मरकजी सिरातुन्नबी जुलूस एवं पदाधिकारियों का किया सत्कार



**नागपुर.** मोहम्मद अली सराय, मोमिनपुरा स्थित सेंट्रल तंजीम कमेटी (सी.टी.सी.) द्वारा मरकजी सिरातुन्नबी कमेटी के जुलूस एवं पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर सम्मानपूर्वक सत्कार किया गया। यह कार्यक्रम सी.टी.सी. अध्यक्ष हाजी अब्दुल कदीर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कमेटी के उपाध्यक्ष हाजी गनी खान, अ. अजीज खान, गुलाम मुस्तफा, नियाज अहमद, आफी खान, रईस पेंटर, जुबेर अहमद, जाहिद पेंटर, इसहाक शेख, सगीर अहमद (गोलू), सैय्यद उमर सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य सामाजिक सौहार्द, एकता और धर्मिक समर्पण को बढ़ावा देना रहा। उपस्थित सभी सदस्यों ने मरकजी सिरातुन्नबी कमेटी के कार्यों की सराहना की और भविष्य में सहयोग की प्रतिबद्धता जताई।

# छत से गिरकर ठेका मजदूर की मौत

## मुआवजे की मांग पर कंपनी गेट पर शव रखकर प्रदर्शन

**नागपुर.**



हिंगना एमआईडीसी क्षेत्र के ज़ोन चौक स्थित बीएसके इंडस्ट्रीज़ में गुरुवार को हुए दर्दनाक हादसे में एक ठेका मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद कंपनी प्रबंधन से आर्थिक सहायता की मांग को लेकर भारतीय जनता मजदूर महासंघ के पदाधिकारियों ने मृतक का शव कंपनी के गेट पर रखकर आंदोलन शुरू किया, जिससे परिसर में तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई।

मृतक की पहचान राजेश पटेल (32), निवासी रीवा (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है, जो इन दिनों बुटीबोरी में रह रहा था। जानकारी के अनुसार, 4 सितम्बर को ही राजेश ने बीएसके इंडस्ट्री में ठेका मजदूर के तौर पर काम शुरू किया था। छत पर टिन की चादर लगाते समय वह करीब 20 फीट ऊँचाई से नीचे गिर पड़ा। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे डिगडोह स्थित लता मंगेशकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेजा। इसके बाद शव को कंपनी परिसर में वापस लाया गया, जहां मज़दूर नेताओं ने शव गेट पर रखकर प्रदर्शन किया। संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, एमआईडीसी अध्यक्ष राजकुमार अहिरवार समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

उनका कहना है कि मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दिए बिना अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। नेताओं ने आरोप लगाया कि मृतक मजदूर को किसी प्रकार का सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराया गया था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। इसलिए कंपनी प्रबंधन इस मौत के लिए ज़िम्मेदार है। दोपहर ३ बजे से शव कंपनी के गेट पर एम्बुलेंस में रखा गया है और प्रबंधन के साथ चर्चा जारी है। खबर लिखे जाने तक कोई समाधान नहीं निकल पाया था। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि घटना की जांच कर कंपनी प्रबंधन पर मामला दर्ज किया जाएगा।

# बाजारगांव सोलर एक्सप्लोसिव फैक्ट्री हादसा

## मृतकों के परिवारों को 25 लाख मुआवजा, पेंशन और नौकरी का आश्वासन, बार-बार हो रहे हादसों से श्रमिक सुरक्षा पर उठे सवाल, जांच की मांग तेज

**नागपुर.**

बाजारगांव स्थित सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में 4 सितंबर की आधी रात हुए भीषण विस्फोट में जान गंवाने वाले मजदूरों के परिवारों को राज्य सरकार और कंपनी प्रबंधन की ओर से बड़ी राहत दी गई है। हर मृतक के परिजन को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, मृतक की पत्नी को आजीवन 15,000 मासिक पेंशन, और एक परिजन को कंपनी में स्थायी नौकरी देने की घोषणा की गई है।



इस हादसे में अब तक 2 मजदूरों की मौत और 18 घायल होने की पुष्टि हुई है। सभी घायलों का इलाज नागपुर के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। हादसे की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ब्लास्ट का मलबा हाईवे तक आ गिरा, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

यह कोई पहली घटना नहीं है। दिसंबर 2023 में इसी फैक्ट्री में हुए धमाके में 9 लोगों की मौत हो गई थी। दो साल में यह दूसरा बड़ा हादसा है, जिससे एक बार फिर फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

पिछली दुर्घटना के बाद भी प्रशासन और कंपनी प्रबंधन से गहन जांच और जवाबदेही तय करने की मांग की गई थी, लेकिन स्पष्ट रूप से सुरक्षा मानकों में कोई खास सुधार नहीं हुआ। अब इस ताजा हादसे के बाद श्रमिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने फिर से कड़ी जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग उठाई है।

### सरकार और प्रशासन पर जिम्मेदारी

फैक्ट्री में बार-बार हो रही दुर्घटनाओं के चलते राज्य औद्योगिक सुरक्षा विभाग और जिला प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि गोला-बारूद या विस्फोटक सामग्री से जुड़ी इकाइयों में उच्चतम स्तर की सुरक्षा आवश्यक है, लेकिन यह घटना दर्शाती है कि फैक्ट्री में मानव जीवन की कीमत पर उत्पादन जारी है।

# प्लेटफार्म नंबर 5 आगामी 52 दिनों के लिए बंद कई ट्रेनों के प्लेटफार्म बदले

## रेलवे पुनर्विकास कार्य के चलते यात्रियों को असुविधा, ट्रेनों का संचालन अन्य प्लेटफार्म से होगा

**नागपुर.** नागपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य के तहत प्लेटफार्म नंबर 5 को 8 सितंबर से 29 अक्टूबर 2025 तक पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। यह निर्णय कॉनकोर्स के फाउंडेशन कार्य के लिए लिया गया है। इस दौरान यात्रियों को कुछ असुविधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिसके लिए रेलवे प्रशासन ने खेद जताया है। प्रमुख बदलाव: प्लेटफॉर्म परिवर्तन: 22125/22126 अमृतसर–नागपुर एसी एक्सप्रेस अब प्लेटफॉर्म 7 से चलेगी। 11201 नागपुर–शहडोल एक्सप्रेस भी प्लेटफार्म 7 से। 20911/20912 इंदौर–नागपुर एक्सप्रेस को प्लेटफार्म 6/7 पर स्थानांतरित किया गया है। मेमू सेवाएं (61120, 61117, 61118, 61119, 61109, 61110) अब प्लेटफार्म 4 से संचालित होंगी। वंदे भारत एक्सप्रेस: पुणे, जयपुर, अहमदाबाद–हावड़ा और सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस अब प्लेटफॉर्म 1, 3 और 6 से चलाई जाएंगी। शॉर्ट टर्मिनेशन और ओरिजिनेशन: 01140 मडगांव–नागपुर एक्सप्रेस का समापन अब अजनी स्टेशन पर होगा (15 फेरे तक)। 01139 नागपुर–मडगांव एक्सप्रेस की शुरुआत भी अजनी से होगी (15 फेरे तक)।' मेमू ट्रेनों का नियमन: गाड़ियों (61120, 61117, 61118, 61119) में 10 से 20 मिनट की संभावित देरी हो सकती है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए उन्हें सलाह दी है कि वे यात्रा से पहले अपने ट्रेन और प्लेटफार्म की जानकारी एनटीईएस (enquiry. indianrail .gov. in) ऐप या रेलवे पूछताछ पोर्टल से प्राप्त करें।

# ताला तोड़कर घर-दुकान पर कब्जा

**नागपुर.**

पांचपावली पुलिस ने ताला तोड़कर घर और दुकान पर अवैध कब्जा करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान मुकेश गुलाबचंद जैन और नीरज गुलाबचंद जैन, निवासी लाडपुरा, इतवारी के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 67 वर्षीय गुरुशरण सिंह अर्नेजा, निवासी गुरूनानकपुरा, की वहां पर एक दुकान और मकान है। अर्नेजा ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने आरोपियों से मकान और दुकान की न तो बिक्री की है और न ही किराए पर दिया है। इसके बावजूद दोनों आरोपी ताला तोड़कर दुकान और गोदाम चला रहे हैं। शिकायत पर पांचपावली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वडेट्टीवार ने दी आंदोलन की चेतावनी: चंद्रशेखर बावनकुले ने दिया जवाब

## कांग्रेस के ओबीसी नेता हुए सक्रिय, सरकार पर आरक्षण को लेकर गंभीर आरोप

**नागपुर.**



मराठा समाज को आरक्षण देने के मुद्दे पर महाराष्ट्र में सियासत एक बार फिर गर्मा गई है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने सरकार पर ओबीसी वर्ग के आरक्षण को मराठा समाज को देने का आरोप लगाया है और इस मुद्दे पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वडेट्टीवार ने सोमवार को इस विषय पर राज्य के सभी ओबीसी नेताओं की बैठक बुलाई है। वडेट्टीवार के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने पलटवार किया। रविवार को नागपुर में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि, 'कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बबनराव तायवाडे ने पहले ही स्पष्ट किया है कि मराठा समाज के लिए जारी सरकारी निर्णय (जीआर) से ओबीसी आरक्षण को कोई खतरा नहीं है।' 'विजय वडेट्टीवार को अपने ही पार्टी के वरिष्ठ नेता बबनराव तायवाडे से जाकर मार्गदर्शन लेना चाहिए।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार मराठा और ओबीसी आरक्षण को एक-दूसरे के खिलाफ नहीं आने देगी, और सभी वर्गों के हक की रक्षा की जाएगी। मराठा समाज को आरक्षण देने के लिए राज्य सरकार द्वारा हाल ही में एक जीआर जारी किया गया है। इस पर ओबीसी वर्ग के नेताओं को आशंका है कि कहीं इससे उनके 50% आरक्षण सीमा में कटौती न हो जाए। कांग्रेस नेता वडेट्टीवार पहले भी कई बार सरकार पर ओबीसी विरोधी नीति अपनाने का आरोप लगा चुके हैं। सोमवार को वडेट्टीवार की अगुवाई में ओबीसी नेताओं की अहम राज्यस्तरीय बैठक होगी। वडेट्टीवार ने संकेत दिया है कि अगर सरकार ने स्पष्टता नहीं दी, तो राज्यव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# 4 लाख लेकर प्लाट की रजिस्ट्री नहीं

**नागपुर.** प्लॉट बेचने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ कोराडी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोपियों के नाम नारायण भोंगाड़े (70), निवासी प्रेम नगर, कोराडी और अब्दुल नासिर अब्दुल अजीज (65), निवासी पेंशन नगर बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार, रंजना सरोदे के पति प्रॉपर्टी डीलर हैं। इसी दौरान रंजना की पहचान आरोपियों से हुई। नासिर ने खुद को 'दर्शना को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी' का सचिव बताया और रंजना से डेढ़ हजार वर्ग मीटर का प्लॉट चार लाख रुपए में बेचने का सौदा किया। रुपए लेने के बावजूद आरोपियों ने प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं की। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब जमीन का नामांतरण नहीं हुआ, तो रंजना सरोदे ने इसकी शिकायत कोराडी पुलिस थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# कार चालक ने छात्र को धक्का देकर किया जख्मी

**नागपुर.** एमआईडीसी क्षेत्र में नसीहत देने पर एक कार चालक ने बाइक सवार छात्र पर हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित छात्र का नाम अनुराग गवली (20) बताया गया है। जानकारी के अनुसार, अनुराग ट्यूशन क्लास से अपने साथी के साथ बाईक पर घर जा रहा था। इसी दौरान पुलिस नगर के पास कार क्रमांक एमएच 49 सीडी 4494 के चालक ने बाइक को कट मारकर आगे निकलने की कोशिश की। अनुराग ने आवाज देकर कार चालक को गति कम करने की नसीहत दी। इससे नाराज होकर कार चालक मोनू सिंह (30) अपने साथी के साथ अनुराग के पास आया। दोनों ने गालियां देते हुए अनुराग की पिटाई कर दी और धक्का देकर गिरा दिया। हमले में अनुराग के सिर पर चोट आई है।

# मिलादुन्नबी पर यूथ मूवमेंट ने किया 925 यूनिट रक्त संग्रहित

## 7 स्थानों पर हुआ शिविर

**नागपुर.** मिलादुन्नबी के अवसर पर यूथ मूवमेंट ऑफ महाराष्ट्र की नागपूर शाखा, जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपुर (जेआईएच) संगठन, मेडिकल सर्विस सोसाइटी नागपूर, स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में 18 वां ब्लड डोनेशन कैंप 7 स्थानों पर आयोजित किया गया. अवस्थी चौक में स्थित न्यू चोपड़े लॉन में ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन विधायक विकास ठाकरे ने किया, इस अवसर पर गोंड राजा के वंशज सलमान ख़ान, गुरुदेव सेवा मंडल के रामदास टेकाड़े, समाजसेवी शैलेश पांडे, संगठन के अध्यक्ष डॉ नुरुल अमीन आदि उपस्थित थे। तत्पश्चात चोपड़े लॉन के मालिक रमेश चोपड़े और समाज सेवक नरेंद्र जिचकर का सत्कार वायएमएम के सदस्य समीरुल्लाह ख़ान ने किया। सदर के अंजुमन पालिटेक्निक कालेज में एमएसएस के शहर अध्यक्ष डॉ नईम नियाज़ी ने, मोमिनपुरा की मुस्लिम लाइब्रेरी के बाजू स्थिति अंसार कम्युनिटी हाल में एमपीसीसी के उपाध्यक्ष एडवोकेट आसिफ़ क़ुरैशी, मुरादाबाद के इस्लामी स्कालर डॉ मुहम्मद असजद मदनी नदवी, हितवाद की हुमैरा मरियम हुसैन और सेंटर हास्पिटल के प्रेसिडेंट हाजी मोहम्मद शोएब अंसारी ने उद्घाटन किया। तत्पश्चात महाराष्ट्र गुजराती समाज मंडल के प्रेसिडेंट जयेश पारेख तथा रेसीडेंशियल हाई स्कूल के प्रेसिडेंट मुबीन सर बतौर अतिथि उपस्थित थे, उनका सत्कार किया गया। टेका के चार खंबा चौक में स्थित क़िदवई स्कूल और जूनियर कॉलेज में पांचपावली पोलिस स्टेशन के पीआई बी आर राउत ने ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन किया तत्पश्चात यहां एमएलए डॉ नितिन राउत का सत्कार भी किया गया। ये ब्लड डोनेशन गांधी बाग़ चौक में स्थित अल्फा आटो डील्स में, दहेगांव के दहेगांव फाटा और कामठी के वारिसपुरा में स्थित दारोगा मस्जिद के पास जेआईएच कार्यालय में भी आयोजित किये गये थे। कैंप के आयोजक यूथ मूवमेंट आफ महाराष्ट्र नागपूर शाखा के अध्यक्ष आसिमुद्दीन ग़ाज़ी ने बताया कि शहरवासियों ने 925 यूनिट रक्त दान कर बेहतरीन इंसानियत का परिचय दिया है। उन्होंने रक्तदाताओं का आभार जताया। रक्तदान शिविर में पर्दे की व्यवस्था के साथ मुस्लिम महिलाओं, युवा लड़कियों ने भी रक्तदान किया, मंगलवारी मस्जिद के दोनों इमामों ने रक्तदान भी किया और रक्तदान के प्रति लोगों का उत्साह भी बढ़ाया। अन्य संप्रदाय के लोगों में अमोल पटेल, भारिक सिंग, शैलेंद्र नरेटे, अंसुल जैन, लहर जंभुलकर आदि ने रक्तदान कर कैंप की शोभा बढ़ाई। अयोग्य घोषित किये गए रक्तदाताओं को मेडिकल सर्विस सोसायटी के चिकित्सकों ने उनके स्वास्थ्य के प्रति मार्ग दर्शन किया। रक्त संकलन कार्य में इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, जीएमसी, जीवन ज्योति, सुपर हॉस्पिटल, त्रिपुड़े हॉस्पिटल तथा डागा हॉस्पिटल की ब्लड बैंक की टीमों ने भाग लिया। यह जानकारी जेआईएच मीडिया सचिव डॉ एम ए रशीद ने दी।









# सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी हादसे में एक और मौत

## > मृतक के परिवार को 40 लाख की मदद व नौकरी का आश्वासन

बाजारगांव/कोंढाली.

नागपुर ज़िले के औद्योगिक क्षेत्र बाजारगांव स्थित सोलर एक्सप्लोसिव इंडस्ट्रीज लिमिटेड में हुए भीषण विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है।

4 सितंबर की आधी रात को कंपनी के एचएमएक्स–आरडीएक्स विभाग में धमाका हुआ था। इस हादसे में चंद्रपुर निवासी मयूर गणवीर की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि 24 श्रमिक घायल हुए थे। इलाज के दौरान 6 सितंबर को वर्धा जिले के मूल निवासी और कोंढाली निवासी निकेश संतोष इरपाची (31) ने भी दम तोड़ दिया।

**कंपनी ने घोषित की आर्थिक मदद :** मृतक मयूर गणवीर के परिजनों को 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का आश्वासन कंपनी ने पहले ही दिया था। वहीं, सांसद शामकुमार बर्वे और विधायक चरणसिंह ठाकुर की पहल पर निकेश इरपाची के परिवार को 40 लाख रुपए (पत्नी को 30 लाख और पिता को 10 लाख) की मदद दी जाएगी। इसके साथ ही परिवार से एक सदस्य को कंपनी में नौकरी भी दी जाएगी।







**घायलों का इलाज जारी :** घटना में घायल हुए 24 श्रमिकों में से 15 को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

**दंदे हॉस्पिटल** – 6 श्रमिक भर्ती (2 आईसीयू में, 4 सामान्य वार्ड में)

**राठी हॉस्पिटल** – 3 श्रमिक उपचाराधीन

इनमें से तीन की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है।

**प्रशासन की तत्परता :** घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी डॉ. विपीन इटनकर, पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुँचे और स्थिति का जायज़ा लिया। सुरक्षा दल ने हादसे के समय तुरंत सायरन बजाकर श्रमिकों को बाहर निकालने के निर्देश दिए, जिससे बड़ी संख्या में मजदूरों की जान बचाई जा सकी।

**दो वर्षों में पांच बड़े हादसे :** पिछले दो वर्षों में चामुंडा एक्सप्लोसिव, एशियन पटाखा कंपनी, एसबीएल और सोलर इंडस्ट्रीज में कुल पाँच बड़ी दुर्घटनाएँ हो चुकी हैं। अब तक इन हादसों में 22 लोगों की जान जा चुकी है। औद्योगिक सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं और सुरक्षा मानकों की सख्ती से जाँच की मांग की जा रही है।

**जनप्रतिनिधियों ने जताई संवेदना :** सांसद शामकुमार बर्वे, विधायक चरणसिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री अनिल देशमुख, बच्चूभाऊ कडू और अन्य जनप्रतिनिधि घटनास्थल पर पहुँचे। उन्होंने मृतकों के परिवार को ढांढस बंधाया और घायलों का हालचाल लिया।

**सांसद और विधायक का बयान :** "श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उद्योग विभाग और कंपनियों की जिम्मेदारी है। भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएँ टालने के लिए सभी औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी जाँच की जाएगी। नियमों की अनदेखी करने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी।" इस हादसे ने एक बार फिर औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

# पैगंबर हज़रत मोहम्मद की जयंती मनाई गई



पारशिवनी.

पैगंबर हज़रत मोहम्मद की जयंती के अवसर पर पारशिवनी शहर में ईद मिलादुन नबी का जुलूस बड़ी धूमधाम से निकाला गया। इस जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया, जिनमें भारी उत्साह देखने को मिला। जुलूस के दौरान, लोग नात-ए-शरीफ पढ़ते और नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस मौके पर डॉ. इरफान अहमद, सामाजिक कार्यकर्ता बबलू भाई शेख, फिरोज बाघाडे, अज्जु पठान, जोयेब शेख, नासिर पठान, जावेद पठान, जालिम शेख, अहेबांज पठान, आवेश पठान और डॉ. दानिश पठान सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहकर हर्षोल्लास मनाई थे।

पूरे आयोजन के दौरान पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे, जिसकी सभी लोगों ने सराहना की। थानेदार थोरात के मार्गदर्शन में पुलिस बंदोबस्त काफी अच्छा रहा, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# लोकमान्य तिलक शिक्षण संस्था के शिक्षक सम्मानित

नागपुर.



भटके विमुक्त मुक्ति दिवस और शिक्षक दिवस के अवसर पर निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल, महाराष्ट्र ने विदर्भ आदर्श शिक्षक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया, जिसमें लोकमान्य तिलक जनकल्याण शिक्षण संस्था के कई शिक्षकों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 31 अगस्त को आयोजित हुआ था। समारोह में सम्मानित होने वाले शिक्षकों में संजय कर्णे, आदेश जैन, वामन येवले, वैशाली भुजबल, भारती शंभरकर, सारिका घोड़मारे, दिपाली पेशने, और प्रियंका ठवकर शामिल हैं। इस सम्मान समारोह का आयोजन राहुल गौर ने किया था और इसकी अध्यक्षता कैलाश केवदे ने की। कार्यक्रम में किशोर करतार, मनोज बावने, अजय गौर, श्रीकांत आगलावे, अमोल कोहले, बृजभूषण शुक्ला, और सुग्रीव साहनी जैसे कई गणमान्य व्यक्ति प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संस्था के अध्यक्ष सतीश चतुर्वेदी और सचिव आभा चतुर्वेदी ने सभी सम्मानित शिक्षकों को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनका अभिनंदन किया।

# कामठी चा राजा का ढोल-ताशों, बैंड, डीजे से हुआ भव्य विसर्जन



कामठी.

श्री सदाशिवराव पाटील शिक्षण संस्था, कामठी के शैक्षणिक परिसर में स्थापित, 'कामठी चा राजा' गणेश मूर्ति का आज रविवार, 7 सितंबर को एक भव्य शोभायात्रा के साथ महादेव घाट, कैंट, कामठी में विसर्जन किया गया।पिछले दस दिनों से संस्था के परिसर में गणेशोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा था। विसर्जन की शुरुआत संस्था के सचिव व जिला परिषद पूर्व अध्यक्ष सुरेश भोयर ने विधि-विधान से गणेश जी की पूजा-अर्चना करके की। शोभायात्रा संस्था के नवीन कामठी स्थित परिसर से ढोल-ताशों, बैंड और डीजे के साथ उत्साह और जोश के माहौल में शुरू हुई। यह कामठी शहर से होते हुए महादेव घाट पहुंची, जहां प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस विसर्जन यात्रा में संस्था के कई प्रमुख सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे, जिनमें अध्यक्ष किशोरी यादवराव भोयर, सचिव सुरेश भोयर, उपाध्यक्ष सौ. अनुराधा सुरेश भोयर, कार्यकारी संचालक अनुराग सुरेश भोयर, फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिलिंद उमेकर, कामठी पॉलिटेक्निक के प्राचार्य मुकेश घोलसे, शारीरिक शिक्षा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिलीप कोहले, शिक्षा कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रुपाली पाटील, पब्लिक स्कूल की प्राचार्या डॉ. ईशा मुद्लीयार, और गादा फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अतुल हेमके शामिल थे। इसके अलावा, संस्था द्वारा संचालित सभी कॉलेजों के शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र भी इस विसर्जन शोभायात्रा में मौजूद थे।

# सड़क हादसे में सावनेर के युवक की मौत

सावनेर/जयपुर.



सावनेर के व्यवसायी कृष्णा मानकर के पुत्र उमेश कृष्णा मानकर (32) की राजस्थान के जयपुर ज़िले में एक भीषण सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, उमेश मानकर 6 सितंबर की रात करीब 10 बजे अपनी महिला साथी और उसके बच्चे के साथ खाटूश्यामजी, पुष्कर आदि तीर्थस्थलों के दर्शन कर कार (एमएच 40 एसी 2716) से जयपुर लौट रहे थे। तभी थाना समरथला क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 48 पर सामने से तेज रफ़्तार से आ रही पिकअप वैन (आरजे 47 जीए 4659) ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी।



टक्कर इतनी भीषण थी कि उमेश मानकर की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार में सवार उनकी महिला साथी और बच्चा सौभाग्य से मामूली रूप से घायल हुए।

दुर्घटना की खबर सावनेर पहुँचते ही मानकर परिवार सहित पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही हितज्योति फाउंडेशन के संस्थापक हितेश नंदकुमार बनसोड़ घटनास्थल पर पहुँचे और पुलिस में मौखिक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर समरथला पुलिस ने पिकअप वैन चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 281, 125(ए) और 106(1) के तहत मामला दर्ज किया है। थानेदार मख्खन लाल आगे की जांच कर रहे हैं।

# सावनेर में ईद-ए-मिलादुन्नबी पर भव्य जुलूस, रोशनाई से जगमगाई जामा मस्जिद



सावनेर.

इस्लाम धर्म के प्रमुख पर्व ईद-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर शुक्रवार को सावनेर शहर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। यह दिन पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस की याद में मनाया जाता है। माना जाता है कि उनका जन्म 570 ईस्वी में मक्का में रबी-उल-अव्वल महीने की 12 तारीख को हुआ था।

पर्व के अवसर पर सुबह से ही मुस्लिम समाज के घरों में रौनक रही। लोगों ने इबादत की, पैगंबर साहब के आदर्शों को याद किया और एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। शहर की जामा मस्जिद को खूबसूरत रोशनाई और सजावट से सजाया गया। भव्य जुलूस में हजारों की संख्या में मुस्लिम भाई शामिल हुए। जुलूस बाजार चौक, गडकरी चौक, गांधी चौक और बस स्थानक से होते हुए जामा मस्जिद पहुंचा, जहां इसका समापन किया गया। जगह-जगह शरबत और मिठाइयों का वितरण कर भाईचारे और खुशी का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर सावनेर थानेदार उमेश पाटील के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने चोख बंदोबस्त रखा। कार्यक्रम की सफलता में जामा मस्जिद इमाम शराफत हुसैन, मौलाना दिलशाद, रोशन इमाम, मुश्ताक अहमद, हाजी रहीमुद्दीन सैय्यद, हाजी शब्बीर शेख समेत अनेक जिम्मेदार कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मुख्यमंत्री फडणवीस से सावनेर–कलमेश्वर क्षेत्र के मुद्दों पर चर्चा

## > विकास कार्यों को मिलेगी नई दिशा

खापरखेड़ा.

राज्य के मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस से 5 सितम्बर को नागपुर स्थित त्रिवेणी पार्क निवास पर सावनेर–कलमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. आशीष देशमुख और भाजपा जिलाध्यक्ष मनोहर (भाऊ) कुंभारे ने विशेष मुलाकात की।

बैठक में विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख विकास कार्यों, नागरिकों की समस्याओं और संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री फडणवीस ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने और स्थानीय मुद्दों के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर ओबीसी आघाड़ी जिला महामंत्री विलास महल्ले, सावनेर तालुका के पूर्व अध्यक्ष मंदार मंगले, भाजयुमो जिलाध्यक्ष पियुष बुरडे, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष विलास ठाकरे, अभिषेक धोटे सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस चर्चा के बाद सावनेर–कलमेश्वर क्षेत्र की लंबित योजनाओं को नई गति मिलेगी और विकास कार्यों को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जा सकेगा।

# धम्म का आचरण कर जीवन को सुखमय बनाएं: देवानंद वानखेड़े

खापरखेड़ा.



सद्धम्म बुद्ध विहार, चिचोली (खापरखेड़ा) में वर्षावास के उपलक्ष्य में आयोजित धम्म प्रवचन कार्यक्रम भाद्रपद पूर्णिमा के दिन श्रद्धा और उत्साह के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय बौद्ध महासभा के केंद्रीय शिक्षक एवं धम्म प्रचारक देवानंद वानखेडे ने दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ किया। प्रवचन में उन्होंने कहा कि 'धम्म जीवन जीने का सच्चा मार्ग है। तथागत गौतम बुद्ध ने संसार को शांति का संदेश दिया। यदि हम उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करें तो जीवन अधिक सुखमय और संतोषपूर्ण बन सकता है।' इस अवसर पर महामाया प्रजापति महिला मंडल ने कार्यक्रम की सफलता हेतु विशेष भूमिका निभाई। मंच संचालन अजय सहारे ने किया, गंगाधर पाटिल ने प्रास्ताविक रखा तथा कविता मेश्राम ने आभार व्यक्त किया। मंडल की अध्यक्ष माया पाटिल, सचिव छाया सहारे सहित शांता खोब्रागडे, शकुंतला मेश्राम, वंदना वासनिक, माया खोब्रागडे, बालिता चिमणकर, पंचशीला बागडे, आनंद बागडे, आनंदराव रागासे, दशरथ बोरकर, अशोक वासनिक और सुनील वाहने की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

प्रवचन कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों में धम्म के प्रति श्रद्धा, प्रेरणा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को और प्रबल किया।




# स्कूल ऑफ होम साइंस ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

कामठी.



रामकृष्ण मिशन स्कूल ऑफ होम साइंस में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका रूपाली जयसवाल सहित सभी शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इस खास मौके पर अमरीन हैदरी, सुचित्रा अंचलवार, सपना गायकवाड़, रुचिका डलवाई, प्रियंका अमृतकर, प्रेरणा राठौर, किरण यादव, वंदना मडवी, ममता सेलोकर, और मंजू गौर जैसी शिक्षिकाएं प्रमुखता से उपस्थित रहीं। छात्राओं ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाध्यापिका रूपाली जयसवाल ने सभी शिक्षकों को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद दिया और छात्रों को हमेशा अपने गुरुजनों का सम्मान करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में स्कूल के कर्मचारियों और बड़ी संख्या में छात्राओं की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने मिलकर इस दिन को यादगार बनाया।

# चाइनीज़ सेंटर से बढ़ रहा हादसों का खतरा, नागरिकों ने जताई नाराज़गी

खापरखेडा.

खापरखेडा शहर के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर बने चाइनीज़ सेंटर वाहन चालकों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन गए हैं। शाम के समय इन सेंटरों पर भीड़ जुटती है और तड़का लगाते समय उठने वाला तीखे मिर्च का धुआं हवा में घुलकर सीधे सड़क पर फैल जाता है।

इस झोंक से अचानक गुजरने वाले वाहन चालकों की आंखों में जलन होने लगती है और कुछ पल के लिए दृष्टि बाधित हो जाती है। परिणामस्वरूप वाहन का संतुलन बिगड़ने से हादसों की संभावना कई गुना बढ़ गई है।



अण्णा मोड़ से भानेगांव टी-पॉइंट तक का मार्ग हमेशा व्यस्त रहता है। यहां से रोजाना बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया वाहन, बसें और ट्रक गुजरते हैं। हाल ही में ऐसे कई प्रसंग सामने आए हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। नागरिकों का कहना है कि सिर्फ चाइनीज़ सेंटर ही नहीं बल्कि मुख्य मार्ग के किनारे अन्य खाद्य विक्रेताओं ने भी अतिक्रमण कर दुकानें खड़ी कर रखी हैं। उनके शेड और ग्राहकों की भीड़ से सड़क और भी संकरी हो गई है, जिससे यातायात पर सीधा असर पड़ रहा है और खासकर शाम के समय हादसे की आशंका दोगुनी हो गई है।

**नागरिकों की चेतावनी :** स्थानीय लोगों ने ग्राम पंचायत से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामस्थों का कहना है कि यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया और ऐसे धुआं व झोंक फैलाने वाले सेंटर बंद नहीं किए गए तो भविष्य में होने वाले हादसों की पूरी जिम्मेदारी पंचायत प्रशासन पर होगी।नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने समय रहते ध्यान नहीं दिया तो ग्रामवासी आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

# अकोला में गणपति विसर्जन परंपरा के साथ संपन्न

## > प्रशासन की आदर्श व्यवस्था ने दिया उत्सव का स्वरूप

**अकोला.**

अकोला में गणेश विसर्जन की शोभायात्रा ने परंपरा, श्रद्धा और एकता का अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया। शनिवार को सुबह 11 बजे जय हिंद चौक से भव्य शोभायात्रा की शुरुआत हुई। पालकमंत्री आकाश फुंडकर सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने गणपति बाप्पा की आरती उतारकर यात्रा का विधिवत उद्घाटन किया।

**सांस्कृतिक परंपरा और मार्ग :** शहर की यह शोभायात्रा अकोला की शतकोत्तर सांस्कृतिक धरोहर मानी जाती है। यात्रा की शुरुआत श्री बाराभाई गणपति मंडल से हुई, इसके साथ राजेश्वर गणपति, जागेश्वर गणपति, खोलेश्वर गणपति और लालबाग का राजा गणपति मंडल शामिल हुए। विसर्जन मिरवणूक जय हिंद चौक से निकलकर अगरवेस, दगडी पुल, मामा बेकरी, उदय टॉकीज, मानेक टॉकीज, अकोट स्टैंड, सुभाष चौक, ताजनापेठ पुलिस चौकी, किराणा बाजार, सराफा बाजार, जैन मंदिर, गांधी चौक और गांधी रोड होते हुए शहर कोतवाली मार्गे गणेश घाट तक पहुँची।








**ढोल-ताशों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर थिरकी युवाशक्ति :** ढोल-ताशों, छांझ और मंझिरों की गगनभेदी धुनों ने पूरे शहर को उत्सवमय बना दिया। युवाओं ने नृत्य कर गणेशोत्सव की आस्था और उमंग को और रंगीन बना दिया। विभिन्न आखाड़ों ने करतब और सांस्कृतिक प्रात्यक्षिक प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

**स्वागत और प्रसाद वितरण :** विसर्जन मार्ग पर श्रद्धालुओं का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। सुभाष चौक पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा महाप्रसाद वितरित किया गया। इसके अलावा कई सामाजिक संगठनों ने चाय, नाश्ता और प्रसाद वितरण कर श्रद्धालुओं की सेवा की।

**प्रशासन की आदर्श व्यवस्था :** शोभायात्रा शांतिपूर्ण और सुरळीत सम्पन्न हो, इसके लिए नगर निगम, महसूल और पुलिस प्रशासन ने पूरी तैनाती की। मार्गों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी गई। यात्रा में अकोला पुलिस अधीक्षक अर्चित चांडक के नेतृत्व में अमरावती IGP रामनाथ पोकर, एडिशनल एसपी चंद्रकांत रेड्डी, सिटी एसडीपीओ सतीश कुलकर्णी, यातायात पुलिस निरीक्षक मनोज बहुरे, रामदासपेठ पुलिस निरीक्षक शिरीष खंडारे, खदान पुलिस स्टेशन की पुलिस निरीक्षक मनोज केदार और सिटी कोतवाली के निरीक्षक संजय गवाई सहित पुलिस कर्मचारी पूरी तैनाती में उपस्थित रहे।

**स्वच्छता व्यवस्था भी चुस्त दुरुस्त ;** महानगरपालिका के आदेश एवं उत्तर झोन सहायक आयुक्त देवकते साहेब के मार्गदर्शन में, मुख्य मार्गों की सफाई का कार्य तुरंत सम्पन्न किया गया। प्रभाग क्रमांक 1 के जमादार इरफान अली, अन्वर अली, विशाल नक्वाल, संजय धमेरिया सहित सभी सफाईकर्मियों ने मेहनत से सफाई का कार्य सुनिश्चित किया। इस प्रकार अकोला में गणपति बाप्पा का विसर्जन समारोह न केवल श्रद्धा और भक्ति का उत्सव रहा, बल्कि प्रशासन और नागरिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

# ईद मिलादुन्नबी पर शैलेश अग्रवाल ने दी शुभकामनाएं

## > इंसानियत को बताया असली धर्म

**आर्वी.**



